पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली: भाद्रपद, 1944
मंगलवारः 23 अगस्त 2022

रक्षा मंत्री ने ताशकंद की अपनी यात्रा के पहले दिन उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और बेलारूसी समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं; तीनों देशों के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया

श्री राजनाथ सिंह 23 अगस्त 2022 को शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 23 अगस्त 2022 को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर ताशकंद, उज्बेकिस्तान पहुंचे। अपने कार्यक्रमों के पहले दिन श्री राजनाथ सिंह ने उज्बेकिस्तान के अपने समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल बखोदिर कुर्बानोव; कजाकिस्तान के रक्षा मंत्री कर्नल जनरल झाकस्लिकोव रूस्लान झाक्सलीकोव और बेलारूस के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल विक्टर ख्रेनिन के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

बैठकों के दौरान तीनों देशों के साथ रक्षा सहयोग के पूरे परिदृश्य की समीक्षा की गई, जिसमें पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग का विस्तार करने के लिए अवसरों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में आपसी हित के विषयों पर भी चर्चा की गई।

रक्षा मंत्री 24 अगस्त 2022 को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की वार्षिक बैठक में शामिल होंगे। बैठक के दौरान एससीओ सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग के विषयों पर चर्चा की जाएगी। विचार-विमर्श के बाद एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी होने की उम्मीद है।

ताशकंद के दौरे के दौरान श्री राजनाथ सिंह स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उज्बेकिस्तान में भारतीय प्रवासियों से भेंट करेंगे।

एबीबी/डीएस